पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# बोर्ड परीक्षा–2027 के परीक्षा केंद्र निर्धारण की समय–सारणी में आंशिक संशोधन

## माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in के माध्यम से ऑनलाइन पूरी की जाएगी प्रक्रिया

## अधिकारियों को संशोधित समय–सारणी के अनुसार समयबद्ध व पारदर्शी कार्यवाही के निर्देश

लखनऊः 25 सितम्बर, 2026

माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा वर्ष 2027 की हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की ऑनलाइन प्रक्रिया की समय–सारणी में आंशिक संशोधन किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव श्री संदीप परमार द्वारा 25 सितम्बर, 2026 को जारी आदेश में बताया गया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में पूर्व में जारी शासनादेशों की तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां निर्धारित की गई हैं। परीक्षा केंद्र निर्धारण की यह संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन माध्यम से परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर संपन्न की जाएगी।

संशोधित समय–सारणी के अनुसार विद्यालयों के भौतिक सत्यापन के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील स्तरीय समिति की अभ्युक्ति सहित आख्या को जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से ऑनलाइन परिषद की वेबसाइट पर अपलोड व अपडेट कराए जाने की अंतिम तिथि पूर्व निर्धारित 12 सितम्बर के स्थान पर अब 12 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई है। इसके उपरांत तहसील स्तरीय समिति द्वारा प्रमाणित विद्यालयों के आधार पर ऑनलाइन चयनित परीक्षा केंद्रों (छात्र आवंटन सहित) की सूची सार्वजनिक करने तथा जनपदीय समिति के अवलोकनार्थ अपलोड करने की तिथि 21 सितम्बर से संशोधित कर 22 अक्टूबर, 2026 की गई है। डिबार व मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई वाले तथा अनर्ह विद्यालयों की सूची DIOS के पोर्टल पर प्रदर्शित करने के लिए 23 अक्टूबर, 2026 की तिथि तय की गई है।

ऑनलाइन चयनित केंद्र सूची पर छात्र, अभिभावक, प्रधानाचार्य अथवा प्रबंधक से आपत्तियां व शिकायतें पोर्टल पर प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 सितम्बर से बढ़ाकर 28 अक्टूबर, 2026 कर दी गई है। प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण व निस्तारण कर जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति की संस्तुति सहित परिषद की वेबसाइट पर अग्रसारित करने की तिथि पूर्व में 08 अक्टूबर थी, जिसे अब 6 नवम्बर, 2026 किया गया है। तत्पश्चात जनपदीय समिति से अनुमोदित सूची को सर्वसंबंधित के सूचनार्थ अपलोड करने की तिथि 17 अक्टूबर से संशोधित कर 16 नवम्बर, 2026 निर्धारित की गई है।

मानक से अधिक दूरी अथवा धारण क्षमता से अधिक आवंटन होने की दशा में पुनः आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि पूर्व निर्धारित 22 अक्टूबर के स्थान पर अब 21 नवम्बर, 2026 होगी। अंत में परिषदीय केंद्र निर्धारण समिति द्वारा प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत अंतिम सूची परिषद की बेवसाइट पर अपलोड करने की तिथि 29 अक्टूबर से संशोधित करते हुए 27 नवम्बर, 2026 निर्धारित की गई है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संशोधित समय–सारणी के अनुसार तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा पूरी प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं।

---

**सम्पर्क सूत्र– प्रदीप कुमार**

राघवेन्द्र / 05:40 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in